an>

Title: Need to construct a railway level crossing at Jhigdi village on Jhigdi-Mhow-Khandwa rail route in Khargone Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री सुभाष पटेल (खरगौन) : अध्यक्ष महोदया, आपको धन्यवाद दूंगा कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र खरगौन के अंतर्गत ग्राम पंचायत झिगड़ी, मऊ-खंडवा रेल मार्ग पर स्थित है। रेल मार्ग होने से ग्राम की जनता को रेलवे क्रासिंग करने में भारी दिक्कत होती है। उक्त मार्ग पर रेलवे फाटक न होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।

अतः आपके माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि रेल मार्ग पर रेलवे फाटक लगाने के आदेश प्रदान करें, ताकि जनता को मार्ग में आवाजाही करने में कोई कठिनाई उत्पन्न न हो।